हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

नाबालिग से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का... 12



शहर के विकास कार्यों का लिया जायजा... 10



## खबर संक्षेप

### पंचायत चुनावः चारामा में शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने87 नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में आम/उप निर्वाचन-2026 के लिए मतदान दिवस 30 मई को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त तिथि को देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान चारामा तथा देशी एवं विदेशी मदिरा अहाता चारामा को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 30 मई 2026 को शाम 05 बजे से मतदान समाप्ति तक पूर्ण रूप से बंद रखने के लिए शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया गया है। अर्थात मतदान अवधि में संबंधित क्षेत्र में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### महेंद्रपुर में सोलर पंप चालू जलसंकट ने मिली निजात

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम महेन्द्रपुर में स्थापित सोलर पंप की खराब होने की खबर



मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तत्काल संज्ञान लिया जाकर उक्त संयंत्र के मोटर पंप को सुधार कर कार्यशील कर दिया गया है। वर्तमान में ग्रामवासियों को पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से हो रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के सहायक अभियंता डीएस सिदार ने बताया कि महेन्द्रपुर में क्रेडा द्वारा सोलर ड्यूल पंप की स्थापना 31 अक्टूबर 2013 को किया गया है। उक्त संयंत्र के अकार्यशील होने की जानकारी मिलने पर क्रेडा के उप अभियंता एवं मैकेनिक द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें मोटर पंप खराब पाए जाने पर क्रेडा टीम द्वारा तत्काल आवश्यक सुधार कार्य करते हुए मोटर पंप की मरम्मत की गई तथा केबल, रोप वायर एवं पाइप सहित अन्य सहायक सामग्री को बदलकर संयंत्र को पुनः कार्यशील किया गया। वर्तमान में सोलर पंप सुचारू रूप से संचालित हो रहा है तथा ग्रामवासियों को नियमित पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए 15 जून तक मौका

**कांकेर।** जिले की सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 में विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 मई से 15 जून तक मौका दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भली भांति अध्ययन कर लें। किसी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिये अभ्यर्थी निकटतम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अथवा वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### युवक की इलाज से पहले हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर के सिविल अस्पताल में इलाज के लिए ले गए युवक का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक बाजा बजाने का काम करता था। अचानक तबियत खराब होने से उसे 26 मई को सिविल अस्पताल पखांजुर में लाए। उपस्थित चिकित्सकों ने परिक्षण कर बताया कि कोरर थानांतर्गत रानवाही निवासी 29 वर्षीय खेमलाल साहू पिता कटुराम का मौत हो चुका है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गय।

**लापरवाही : मामले की गंभीरता को देखते हुए कांकेर मेडिकल कॉलेज में करवाया गया पीएम**

# मासूम की मौत पर अस्पताल को किया सील स्टेट हाईवे पर चक्काजाम, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजूर

परलकोट क्षेत्र के कापसी स्थित श्री रामचंद्र अस्पताल में इलाज के दौरान एक मासूम बच्ची की मौत के बाद उपजे विवाद ने बुधवार को बड़ा रूप ले लिया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकीय स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और अस्तपाल के सामान को अस्पताल निकालकर सड़क पर फेंककर चक्काजाम कर दिया।

पीव्ही 130 निवासी पीड़िता ललिता पाल और देवेंद्र पाल ने बताया कि मेरी लगभग डेढ़ माह की बच्ची नियांस पाल को दस्त होने के कारण मंगलवार 26 मई को कापसी के श्रीरामचंद्र अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। परिजनों ने पूछा कि तबियत ज्यादा खराब है, आपसे हो पाएगा तो ठीक है, नहीं तो बाहर ले जाए, परंतु चिकित्सक ने कहा कि बच्चा आपका ठीक हो जाएगा, परंतु दवाई महंगा है। पीड़िता द्वारा महंगी दवाई खरीद कर अपने बच्चों को पिलाई, उसके बाद बच्ची का बीती रात को देहांत हो गया। कापसी और परिवार के लोगों का चिकित्सक की कार्यशैली से नाराज होकर बुधवार 27 मई की सुबह अस्पताल के फर्नीचर, कांच और अन्य सामान को बाहर निकालकर सड़क पर फेंक दिया। इसके बाद अस्पताल के सामने से गुजरने वाले स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया गया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पखांजुर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीण दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।









#### जांच का मिला आश्वासन

पखांजुर एसडीएम मनीष देव साहू ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर नियम अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर पहलू की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

#### कांकेर मेडिकल कॉलेज में कराया पीएम

कांकेर मेडिकल कॉलेज में मृत बच्ची का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। प्रशासन की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज में पीएम की प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है, वहीं परिजन चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

#### श्रीरामचंद्र अस्पताल को किया गया सील

ग्रामीणों और परिजनों के गुस्से को देखते हुए पखांजुर से पहुंचे अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और प्रथम दृष्टया जांच के आधार पर श्री रामचंद्र अस्पताल को सील कर दिया। अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रशासन द्वारा ताला लगाकर अस्पताल की गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गईं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### पूर्व में हो चुकी है कई घटनाएं

इस मामले में जनपद पंचायत सदस्य मनमथ मंडल का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से पूर्व में भी कई ऐसे मामले घटित हुए हैं, जिस पर गांव वालों द्वारा विरोध कर अस्पताल बंद करने के लिए धरना दिया गया था, परंतु शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है यदि इस घटना के बाद भी शासन प्रशासन कुंभकरण की नींद सोई रहेगी तो भविष्य में भी ऐसे अप्रिय घटनाएं घटित होती रहेगी, जल्द से जल्द अस्पताल को बंद करने की मांग की है।

## पुरानी मांगों पर 60 गांवों के लोगों का फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा



कांकेर जिले के संवेदनशील और लंबे समय से उपेक्षित माने जाने वाले कोयलीबेड़ा ब्लॉक मुख्यालय में एक बार फिर जन आक्रोश फूट पड़ा है। विगत 10 वर्षों से लगातार रैली, धरना-प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अपनी पुरानी मांगों को लेकर बुधवार को कोयलीबेड़ा बाजार के आगे उग्र चक्का जाम कर दिया। आंदोलन में 18 पंचायतों के सरपंच, पंच, पटेल, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित लगभग 60 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

- लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण ने 10 वर्षों में अनेक बार प्रदर्शन किया

आंदोलन में डटे ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांगें नई नहीं हैं, बल्कि वर्षों पुरानी हैं। 27 फरवरी 2026 को भी इन्हीं मांगों को लेकर चक्का जाम किया गया था। उस दौरान एसडीएम अंतागढ़ और पखांजूर द्वारा आंदोलनकारियों से चर्चा कर कुछ मांगों को एक सप्ताह और कुछ को 15 दिनों के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन लगभग चार माह बीत जाने के बाद भी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मातालकुडुम के हैण्डपंप की तत्काल हुई मरम्मत



**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोण्डाहूर के आश्रित ग्राम बसाहट मातालकुडुम के ग्रामीणों द्वारा झरिया का पानी पेयजल के तौर पर उपयोग करने का मामला आया था। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त प्रकरण दिए गए निर्देश के तहत ग्राम मातालकुडुम में स्थापित हैण्डपंप को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सुधारा गया, जिसके पश्चात उक्त हैण्डपंप से वर्तमान में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। इसके साथ ही कलेक्टर के द्वारा एक अतिरिक्त हैण्डपंप खनन के लिए विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया। उक्त ग्राम बसाहट में लगभग 15 परिवार निवासरत हैं।

## शादी से लौटती महिला से दूल्हे के भाई ने की छेड़छाड़, शोर मचाकर बचाई आबरू

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाकड़ा कोटपारा में एक महिला से छेड़छाड़ और जबरदस्ती करने का गंभीर मामला सामने आया है। शादी समारोह से घर लौट रही महिला को गांव के ही युवक ने रास्ते में रोककर जबरन खींचते हुए अश्लील हरकत करने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद उसकी जान और आबरू बच सकी। घटना के बाद इलाके में काफी आक्रोश का माहौल है।



जानकारी के अनुसार पीड़िता 37 वर्षीय परमेश्वरी नेताम ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 26 मई की रात वह गांव में अजीत नेताम के शादी समारोह में शामिल होने गई थी। रात करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच कार्यक्रम समाप्त होने और बर्तन समेटने के बाद वह अकेले अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में दूल्हे का बड़ा भाई दिलीप नेताम नशे की हालत में वहां पहुंचा और महिला का हाथ पकड़कर जबरदस्ती खींचने लगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे घसीटते हुए रघुनाथ नेताम के बाड़ी के पास ले गया और अश्लील बातें करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा। महिला ने किसी तरह खुद को बचाने के लिए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया। उसकी आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर महिला को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। ग्रामीणों ने आरोपी को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नशे में होने के कारण उनसे भी विवाद करने लगा। घटना के बाद पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी दिलीप नेताम के खिलाफ धारा 296 और 74 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## शिवनगर में महुआ शराब का कारोबार, सात गिरफ्तार

**कांकेर।** कांकेर शहर के शिवनगर के अटल आवास इलाके में अवैध महुआ शराब के कारोबार पर थाना कांकेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। 26 मई की रात पुलिस ने शिवनगर स्थित अटल आवास परिसर में छापेमार कार्रवाई की, जहां लंबे समय से अवैध रूप से महुआ शराब बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस की दबिश से इलाके में हड़कंप मच गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि शिवनगर क्षेत्र के अटल आवास में कुछ लोग अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बेचने का कारोबार चला रहे हैं।



सूचना की तस्दीक के बाद थाना कांकेर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से देर रात कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान मौके से कई आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में महुआ शराब और नगदी बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान शिवनगर निवासी 22 वर्षीय उमेश्वरी यादव पति विकेश के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत लगभग 1 हजार 400 रुपये बताई गई, जब्त की गई। वहीं 40 वर्षीय मयावती विश्वकर्मा पति स्वर्गीय सनोज के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब और 100 रुपये नगद बरामद हुए। हरीओम ध्रुव पिता स्वर्गीय बंशी के पास से भी 6 लीटर महुआ शराब और 100 रुपये नगद जब्त किया गया। इसके अलावा बिरेंदा सेठिया के कब्जे से 6.5 लीटर देशी महुआ शराब, राखी सिंह के पास से 7 लीटर महुआ शराब तथा डूमेश्वरी सेठिया और रमेश मंडावी के कब्जे से भी अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। विवेचना में पता चलेगा कि इन आरोपियों के पास शराब कहाँ से आई, आरोपी शराब घर पर बनाते थे या कहीं से लाकर बेचते थे।

## समितियों में पर्याप्त स्टाक, मानसून पूर्व किसानों से खाद-बीज उठाने की अपील

**कांकेर।** आगामी खरीफ सीजन और मानसून की आहट के बीच जिला प्रशासन ने किसानों से समय रहते खाद-बीज का अग्रिम उठाव करने की अपील की है। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने कहा है कि जिले की सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है और किसानों को किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान दिए बिना अपनी आवश्यकता अनुसार अभी से खाद-बीज का उठाव कर लेना चाहिए, ताकि बारिश शुरू होने के बाद होने वाली भीड़ और आपूर्ति संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।



कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सहकारी समितियों में यूरिया 7197 मेट्रिक टन, डीएपी 1588 मेट्रिक टन, सुपर फास्फेट 4614 मेट्रिक टन, पोटाश 2663 मेट्रिक टन तथा एनपीके 6833 मेट्रिक टन का भंडारण किया गया है। कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार डीएपी के विकल्प के रूप में सुपर फास्फेट और एनपीके उर्वरकों के उपयोग की भी सिफारिश की जा रही है, जिसके आधार पर समितियों के माध्यम से किसानों को उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। ▶▶|शेष पेज 10 पर

**नेटवर्क के लिए भटक रहे ग्रामीण उपभोक्ता**


# बासनवाही गांव में लाखों का बीएसएनएल टावर 20 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

जिला कांकेर के बासनवाही गांव में खड़ा बीएसएनएल का विशाल टावर विभागीय लापरवाही और ग्रामीण उपेक्षा की मूक कहानी बयां कर रहा है। लगभग 20 वर्ष पहले लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इस मोबाइल टावर से ग्रामीणों को बेहतर नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन दो दशक बीत जाने के बाद भी यह टावर आज तक शुरू नहीं हो पाया। आलम यह है कि डिजिटल युग में भी ग्रामीण मोबाइल नेटवर्क के लिए छतों, पेड़ों और ऊंचे स्थानों का सहारा लेने को मजबूर हैं।

- डिजिटल इंडिया का दावा बना कागजी घोड़ा

आज जब देश में डिजिटल इंडिया, 5 जी और ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार की बात हो रही है, तब बासनवाही के लोग मूलभूत नेटवर्क सुविधा



के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्र के विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन, परीक्षा फॉर्म भरने और पढ़ाई से संबंधित सामग्री डाउनलोड करने के लिए दूसरे गांव या कस्बों तक जाना पड़ता है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और अन्य ऑनलाइन सेवाओं का लाभ लेने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं व्यापारियों को डिजिटल भुगतान और बैंकिंग लेन-देन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों और समाजसेवी संदीप द्विवेदी का कहना है कि टावर निर्माण के बाद लोगों को लगा था कि क्षेत्र संचार क्रांति से जुड़ जाएगा, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण आज तक इसमें आवश्यक तकनीकी उपकरण ही स्थापित नहीं किए गए। परिणामस्वरूप बासनवाही सहित आसपास के कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा बेहद कमजोर बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सेवाओं या पुलिस सहायता के लिए फोन करना भी चुनौती बन जाता है। गांव के वरिष्ठ नागरिक कवलदास मानिकपुरी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब टावर बना था तब हमारे बाल काले थे, अब सफेद हो गए, लेकिन टावर आज तक चालू नहीं हुआ। यह विभागीय लापरवाही का सबसे बड़ा उदाहरण है।

#### टावर को जल्द चालू करने की माँग

ग्रामीणों ने बीएसएनएल प्रबंधन और जिला प्रशासन से मांग की है कि वर्षों से बंद पड़े इस टावर में जल्द आवश्यक उपकरण स्थापित कर उसे चालू किया जाए। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। बासनवाही के लोगों का मानना है कि टावर शुरू होने से न केवल गांव बल्कि आसपास के कई क्षेत्रों को भी बेहतर मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा मिल सकेगी।

## थाने के सामने देर रात हंगामा, जान से मारने की धमकी दी, मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर मुख्य मार्ग पर देर रात हुए विवाद ने सनसनी फैला दी। हैरानी की बात यह रही कि पूरा घटनाक्रम थाने के ठीक सामने घटित हुआ, जहां आरोपी ने खुलेआम गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। मामले में पुलिस ने शिकायत और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





जानकारी के अनुसार संबलपुर निवासी एवं मेडिकल संचालक 47 वर्षीय देवेंद्र सोनी ने थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 7 मई की रात करीब 10 बजे श्रेयांस भंसाली सफेद रंग की क्रेटा वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूई 7898 चलाते हुए उनकी दुकान के सामने से निकला। कुछ देर बाद उनके बेटे अथर्व सोनी जो हॉटल तराशा में आयोजित एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था, ने फोन कर बताया कि श्रेयांस भंसाली कुछ युवकों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौच कर रहा है। जानकारी मिलते ही देवेंद्र सोनी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि सुनील भंसाली और श्रेयांस भंसाली शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे हैं। इसके बाद वे भी थाना पहुंचे, जहां थाने के सामने मुख्य मार्ग पर आरोपी सुनील भंसाली ने पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए कथित रूप से कहा कि पिछली बार तो बच गया था, लेकिन इस बार तुझे नहीं छोड़ूंगा। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने सरेआम गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। ▶▶|शेष पेज 10 पर

# ओपन जिम परिसरों में फैली गंदगी की नगर पंचायत ने कराई साफ- सफाई

## जिम के उपकरण का रखरखाव नहीं हो पाया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

खबर का असर

नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड 05, 06 और 07 में स्थापित ओपन जिम की बदहाल स्थिति को लेकर बुधवार को हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। सीएमओ मयंक बसंतवानी के निर्देश पर नगर पंचायत की स्वच्छता टीम ने ओपन जिम परिसरों में फैली गंदगी, कचरा और उगी झाड़ियों की सफाई कराई। वार्डों में युवाओं और आम लोगों की सुविधा के लिए पार्षद निधि से लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए ओपन जिम लंबे समय से रखरखाव के अभाव में बदहाल पड़े हैं। कई उपकरण जंग खाकर खराब हो रहे हैं,



### घूम सकेंगे लोग, पर कसरत नहीं कर पाएंगे

खबर के प्रकाशन के बाद नगर पंचायत ने साफ सफाई तो करा दिया, जिससे लोग टहल सकेंगे। इनमें से कई युवा और अन्य जिम के लिए लगे उपकरणों कसरत किया करते थे, नहीं कर पाएंगे। युवाओं का कहना है कि लाखों रुपए की लागत से लगाए गए उपकरण बेकार पड़े हैं। उपकरण अच्छे रहने से पैसे देकर निजी जिम नहीं जा सकने वाले लोगों के लिए यह अच्छी व्यवस्था थी। युवाओं के अलावा अधेड़ और 50 साल से ऊपर के लोग भी कसरत करते पहले दिख जाया करते थे। इससे स्वास्थ्य लाभ भी होता था।


ओपन जिम बदहाल देखरेख के अभाव में लाखों की मशीनें हो रहीं कबाड़

फरसगांव। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में लोगों की सुविधा और युवाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लगाए गए ओपन जिम अब बदहाली का शिकार हो गए हैं। पार्षद निधि से लाखों रुपये की लागत से लगाए गए जिम उपकरण रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होते जा रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 05, 06 और 07 में स्थापित ओपन जिम की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। कई उपकरण टूटकर जमीन पर पड़े हैं, जबकि कई मशीनों में जंग लग चुकी है। वार्ड क्रमांक 07 स्थित ओपन जिम परिसर में कचरे का अंबार और उगी झाड़ियां नगर पंचायत के स्वच्छता दावों की पोल खोल रही हैं। गंदगी और खराब व्यवस्था के कारण लोग जिम का उपयोग करने से बच रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा इन जिमों की नियमित देखरेख नहीं की जा रही है। कई उपकरण उपयोग लायक नहीं बचे हैं, जिससे हादसे की आशंका भी बनी हुई है। वार्डवासियों का

जिससे लोग जिम का उपयोग करने से बच रहे थे। हालांकि सफाई कार्य शुरू होने से लोगों को राहत मिली है। लेकिन जिम उपकरणों की मरम्मत और नियमित रखरखाव को लेकर अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। अब लोगों की नजर नगर पंचायत पर टिकी है कि खराब पड़े उपकरणों को कब तक व्यवस्थित कर दोबारा उपयोग योग्य बनाया जाएगा।

### लाखों रुपए उपकरण हो रहे कबाड़

ओपन जिम बनाने के लिए नगर पंचायत ने लाखों रुपए खर्च करके उपकरण खरीदा था। कुछ दिन लोगों ने उसका उपयोग भी किया। उसके बाद रखरखाव के अभाव में धीरे- धीरे उपकरण खराब होने लगे।

## खबर संक्षेप

### सुख और दुःख दोनों समय सुमिरन करने से मिलते हैं भगवानः पंडित रामाकृष्ण

**केशकाल।** नगर के ह्रदय स्थल पर स्थित श्री मनोकामेश्वर शिवमंदिर मे शिव मंदिर परिवार महिला मानस मण्डल द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।



कथावाचक पंडित रामाकृष्ण हैं। उल्लेखनीय है कि नगर में 25 मई से श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा। भक्तगण चिलचिलाती गर्मी में भी भगवान की आराधना करते हुए ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। इस अवसर पर तीसरे दिन व्यास पीठ से भक्तों को पंडित रामकृष्ण वैष्णव ने कहा कि भगवान को सुख और दुख दोनों समय सुमिरन करना चाहिए। दोनों समय सुमिरन करने से ही भगवान मिलते हैं। आगे महराज ने अजामील कथा, जड़भरत, प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने कथा का श्रवण किया। यह आयोजन 2 जून तक़ किया जाएगा। यजमान हनुमान महराज हैं।

### पासंगी में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में 25 आवेदन मिले



**फरसगांव।** नगर पंचायत में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15 के नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण हेतु सामुदायिक भवन वार्ड 15 पासंगी में बुधवार को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 16 आवेदन निकाय एवं 9 अन्य विभागों से संबंधित रहे। शिविर का आयोजन नियुक्त नोडल अधिकारी गौरव साव एवं सहायक नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र कुर्रे के नेतृत्व में किया गया। आम नागरिकों के बैठने सहित आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे एवं पार्षद विनोद पांडे ने गोदभराई कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को गोदभराई किट प्रदान कर लाभांवित किया। गोदभराई से लाभान्वित महिलाओं में संध्या नेताम, खुशबू मरकाम एवं उइके नेताम शामिल रहीं।

### आवेदन 15 जून तक मंगाए गए

**धमतरी।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम और लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के अधीन सहायक व्यक्तियों (सपोर्ट पर्सन) का इम्पैनलमेंट किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इसके लिए इच्छुक अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति, संस्थानों से 15 जून तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। धमतरी जिले में सपोर्ट पर्सन के रूप में इम्पैनलमेंट होने के इच्छुक व्यक्ति, अशासकीय संस्था, संगठन निर्धारित प्रारूप में अपनी रूचि की अभिव्यक्ति कलेक्टोरेट के पीछे स्थित जिला महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

## कार्यों की गुणवत्ता और पूरा करने की समयसीमा पर जोर

# शहर के विकास कार्यों का लिया जायजा, चौपाटी मैदान से सखी सेंटर तक पहुंचीं विधायक- कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के साथ शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं पुनर्विकास कार्यों का आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौपाटी मैदान, डीएनके कॉलोनी, बाजारपारा स्कूल, गांधी वार्ड स्थित पीएमश्री स्कूल तथा निर्माणाधीन सखी सेंटर भवन का जायजा लिया गया। विधायक लता उसेंडी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए शहर के सुव्यवस्थित विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि पुनर्विकास कार्योंर् से शहर अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधायुक्त बनेगा, जिससे आम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बालक और बालिका गृह में बच्चों से की बातचीत, जाना हालचाल



बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के साथ जिले के बाल गृहों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल भी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने डीएनके कॉलोनी स्थित बाल गृह बालक और आड़केछेपड़ा स्थित बाल गृह बालिका का निरीक्षण कर बच्चों से भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बच्चों के लिए यूनिफॉर्म की व्यवस्था करने, स्वच्छता बनाए रखने और नियमित पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। बाल गृह बालक के सामने स्थित शिक्षा विभाग के भवन को खाली कर वहां बाल गृह कार्यालय संचालित करने के निर्देश दिए गए, ताकि बच्चों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बालिका गृह की बालिका रंजीता कोरोटी का चयन अंतरराष्ट्रीय जुडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वर्तमान में वह साईं सेंटर भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। विधायक लता उसेंडी ने बालिका को शुभकामनाएं दीं। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रेनू प्रकाश, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी सहित बाल गृह के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संबलपुर बड़ेपारा में दूर हुई पेयजल समस्या विधायक की पहल से ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी की पहल से ग्राम संबलपुर बड़ेपारा के ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। भीषण गर्मी के दौरान गांव में पेयजल संकट गहरा गया था। ग्रामीणों ने विधायक सुश्री लता उसेण्डी से मिलकर समस्या से अवगत कराया।ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल बोर कराने के निर्देश दिए। इसके बाद गांव में पेयजल व्यवस्था शुरू हो गई। पेयजल समस्या दूर होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीण विधायक से मिलने पहुंचे और मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया। विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य किए जाएंगे।

# और इधर... गौरगांव के निवासी परेशान, टंकी से नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



नगर से सटे हुए ग्राम गौरगांव मे जल जीवन मिशन के तहत बनवाये गए पानी टंकी के द्वारा पानी प्रदाय ना किये जाने से भीषण गर्मी से ग्रामवासियों को पानी के लिये तरसना पड़ रहा है। इस विषय पर ग्राम के पूर्व उपसरपंच पोखन सिन्हा, ग्राम के युवा देवा पाण्डेय एवं ग्राम पटेल गुप्तेश्वर बघेल ने बताया कि इस पानी टंकी को ग्राम में लगे एक साल हो चुके हैं। पर पीएचई विभाग एवं ठेकेदार के उदासीनता के चलते हमें आज तक़ पानी के लिये जद्दोजहद करनी पड़ रही है। ग्राम के सरपंच राधे सलाम ने कहा कि टंकी मे टेक्निकल समस्या होने के चलते पानी प्राप्त नहीं हों रहा है। ठेकेदार को सूचित किया है। उम्मीद है जल्द समस्या का निराकरण हो जाएगा।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिला पीपीओ और जीपीओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला अंतर्गत मई 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले 5 शासकीय कर्मचारियों को जिला कार्यालय में पेंशन भुगतान आदेश पीपीओ एवं ग्रेजुएटी भुगतान आदेश जीपीओ प्रदान किए गए। जिला कोषालय द्वारा पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए सेवानिवृत्ति के दिन ही संबंधित कर्मचारियों के लिए पेंशन प्राधिकार आदेश जारी कराया गया। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा, जिला कोषालय अधिकारी रजनीश पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विभिन्न विभागों के कर्मचारी सेवानिवृत्त

सेवानिवृत्त कर्मचारियों में पुलिस विभाग के उप निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती पुतुल हालदार, कृषि विभाग के सहायक ग्रेड–02 सिंगलू राम कोर्राम, शिक्षा विभाग के प्रधानपाठक सोप सिंह राना तथा प्राचार्य बसंत कुमार राठौर शामिल हैं।

# सेवा सेतु पोर्टल से घर बैठे मिलेंगी 441 शासकीय सेवाएं

## राज्य शासन की डिजिटल पहल से बढ़ेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- घर बैठे आवेदन और ट्रैकिंग की सुविधा

राज्य शासन ने नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, सुलभ और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के लिए "सेवा सेतु पोर्टल" शुरू किया है। इसके तहत लोक सेवा केन्द्रों को उन्नत कर "सेवा सेतु केन्द्र" के रूप में संचालित किया जा रहा है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से अब 441 से अधिक शासकीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो रही हैं। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही मंच पर मिल सकेंगी। पोर्टल पर जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, राजस्व प्रकरण, नाम परिवर्तन हेतु राजपत्र प्रकाशन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं। नागरिक अब मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं




और अपने आवेदन की स्थिति भी आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। सेवा सेतु पोर्टल से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रें के लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब छोटे–छोटे कार्योंर् के लिए जिला या ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### पारदर्शिता और जवाबदेही में बढ़ोतरी

ऑनलाइन आवेदन और ट्रैकिंग प्रणाली से पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह बनी है। इससे प्रशासनिक कार्योंर् के निराकरण में तेजी आई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सेवा सेतु पोर्टल और सेवा सेतु केन्द्रों का अधिक से अधिक उपयोग कर समय और संसाधनों की बचत करने की अपील की है।

# डेयरी विकास योजना के तहत सायलेज निर्माण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पशुधन विकास विभाग द्वारा समग्र डेयरी विकास योजना अंतर्गत दुधारू गाय प्रदाय योजना से लाभान्वित आदिवासी महिला हितग्राहियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मक्का से सायलेज चारा निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सायलेज निर्माण का जीवंत प्रदर्शन भी किया। हितग्राहियों को सायलेज कटिंग, आवश्यक सामग्री के मिश्रण और सुरक्षित भंडारण की विधि विस्तार से समझाई गई। प्रशिक्षण में सायलेज के उपयोग से पशुओं को बेहतर पोषण, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता जैसे लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में योजना से लाभान्वित 38 हितग्राहियों ने भाग लिया और आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीडीबी से डॉ. सैकत सामंता, प्रबंध संचालक डॉ. एम.बी. सिंह, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. नरोत्तम चंद्राकर सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होलसेलर ही थमा रहे खाद में लादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



होल सेलर ही दवा, खाद विक्रेताओं को लादन थमा रहे हैं। ऐसे में प्रिंट रेट में बेचना फुटकर व्यापारियों के लिए नुकसान का सौदा है। इस समस्या को लेकर फुटकर व्यापारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की और समस्या का समाधान करने की मांग की।

मंगलवार को बड़ी संख्या में कृषि दवा, खाद फुटकर विक्रेता कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि खाद की किल्लत चल रही है जिसके चलते जिला प्रशासन द्वारा निगरानी भी बढ़ा दी गई है। उधर फुटकर व्यापारी खाद को प्रिंट रेट में ही बेचना चाहते हैं, लेकिन होल सेल में खरीदी करने के दौरान ही होल सेलर उन्हें लादन थमा देते हैं। उन्होंने इस समस्या का समाधान करने की मांग कलेक्टर से की है।

कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में देवेंद्र चंद्राकर, रामनिहोरा साहू, प्रवीण साहू, निरंजन सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सनबती और कुमारी बाई को मिला राशन कार्ड

# सुशासन तिहार बना जरुरतमंदों का सहारा, मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- फरसगांव विकासखंड के ग्राम सोड़मा में लगा जनसमस्या निवारण शिविर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। फरसगांव विकासखंड के ग्राम सोड़मा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में दो महिलाओं को नया राशन कार्ड प्रदान किया गया।

ग्राम सोड़मा निवासी श्रीमती सनबती बाई और ग्राम जैतपुरी निवासी श्रीमती कुमारी मानिकपुरी ने बताया कि राशन कार्ड नहीं होने के कारण उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार शिविर में दोनों महिलाओं ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही नया राशन कार्ड बनाकर वितरित किया गया।

### अब मिलेगा खाद्यान्न और योजनाओं का लाभ

राशन कार्ड मिलने के बाद अब दोनों परिवारों को नियमित रूप से चावल और अन्य आवश्यक खाद्यान्न सामग्री मिल सकेगी। साथ ही आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। समस्या के त्वरित समाधान पर श्रीमती सनबती बाई और श्रीमती कुमारी मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पेज 9 के शेष

### पुरानी मांगों पर ...

होने से क्षेत्र में भारी नाराजगी व्याप्त है। आंदोलन की सबसे प्रमुख मांग शिक्षा व्यवस्था को लेकर सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि कोयलीबेड़ा ब्लॉक मुख्यालय के लिए स्वीकृत नया स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय पखांजूर में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है, जिसका क्षेत्रवासी जोरदार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से नक्सलवाद का हवाला देकर कोयलीबेड़ा क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण कार्यालय और संस्थान पखांजूर या अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिए गए हैं। यहां का एकलव्य विद्यालय अंतागढ़ के लामकन्हार में तथा ग्रामीण बैंक भी अंतागढ़ में संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अब जबकि क्षेत्र में नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है, तब भी कोयलीबेड़ा को लगातार उपेक्षित किया जा रहा है। ऐसे में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय को भी पखांजूर शिफ्ट करना क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। धरनास्थल पर बुधवार की शाम लगभग 4 बजे एसडीएम पखांजूर और अंतागढ़ आंदोलन स्थल पहुंचे और जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों से चर्चा कर चक्का जाम समाप्त कराने का प्रयास किया। हालांकि आंदोलनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे और समाचार लिखे जाने तक चक्का जाम जारी रहा। क्षेत्र में आंदोलन को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।

### समितियों में पर्याप्त ...

इसके साथ ही किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इन नैनो उर्वरकों का उपयोग बीजोपचार और खड़ी फसल में छिड़काव दोनों रूपों में किया जा सकता है। कृषि विभाग के अनुसार नैनो उर्वरकों के उपयोग से पारंपरिक यूरिया और डीएपी की आवश्यकता कम हो जाती है तथा फसलों को आवश्यक नत्रजन और फास्फोरस तत्व पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। कलेक्टर ने कहा कि प्रायः किसान बारिश शुरू होने के बाद ही खाद लेने पहुंचते हैं, जिससे अचानक मांग बढ़ जाती है और वितरण व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि मानसून प्रारंभ होने से पहले ही खाद-बीज का उठाव कर लें, ताकि खरीफ कार्य समय पर शुरू हो सके और सभी किसानों को सुचारू रूप से उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

### थाने के सामने ...

प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष ने उन्हें झूठे मामले में फंसाने के उद्देश्य से अपने परिजनों को गवाह बनाकर झूठी शिकायत दर्ज करवाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी सुनील भंसाली के खिलाफ धारा 296 एवं 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### विशेष पैकेज सिर्फ छलावा, किसान आदिवासी मजदूर परेशान

**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने राज्य एवं केंद्र सरकार पर बस्तर के किसानों और आदिवासी मजदूरों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि सरकार बस्तर के नाम पर विशेष पैकेज और सुशासन तिहार जैसे बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान, आदिवासी और मजदूर गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि वर्तमान समय में खरीफ सीजन की तैयारी चल रही है, लेकिन किसानों को सहकारी समितियों में यूरिया, डीएपी और पोटाश जैसी आवश्यक खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रही है। इसका फायदा निजी दुकानदार उठा रहे हैं और किसानों को सरकारी दर से कई गुना अधिक कीमत पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान एक बोरी यूरिया हजार रुपये तक में खरीद रहे हैं, जबकि उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

### तालाब के जीर्णोद्धार से बदलेगी किसानों की तस्वीर



**बीजापुर।** जल संसाधन विभाग द्वारा विकासखण्ड भोपालपटनम अंतर्गत मद्देड़ तालाब के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण किया जा रहा है। लगभग 370.55 लाख की लागत से स्वीकृत यह कार्य 23 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ हुआ था, जिसमें अब तक 71 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने के बाद ग्राम तमलापल्ली, मद्देड़, संगमपल्ली एवं बारेगुड़ा के लगभग 299 कृषकों को सीधा लाभ मिलेगा। तालाब के जिर्णोद्धार से 530 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों की खेती अधिक सशक्त और उत्पादक बनेगी। मद्देड़ तालाब केवल सिंचाई का माध्यम नहीं बनेगा, बल्कि जल संवर्धन और निस्तारी जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी मजबूत करेगा।

# कुपोषण से जूझता अरुण हेमला हुआ स्वस्थ, अब सामान्य श्रेणी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जहां चाह है, वहां राह है महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने इसे सच कर दिखाया। आंगनबाड़ी केंद्र कोटिया पारा, गंगालूर में समन्वित प्रयासों और सतत निगरानी से ढाई साल के अरुण हेमला ने कुपोषण को मात देकर सामान्य श्रेणी में वापसी की है। यह कहानी सिर्फ एक बच्चे के स्वस्थ होने की नहीं, बल्कि सामुदायिक ताकत और विभागीय संकल्प की मिसाल है। बालक अरुण हेमला पिता मंगू हेमला एवं माता शर्मीला हेमला का जन्म 21 दिसंबर 2023 को 2.500 किग्रा वजन के साथ हुआ। बार-बार बीमार पड़ने और घर पर ठीक से भोजन न करने के कारण उसका वजन नहीं बढ़ रहा था। अप्रैल 2025 में स्थिति गंभीर होने पर उसे पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) बीजापुर में भर्ती कराया गया। भर्ती के समय वजन मात्र 8.600 किग्रा था जो उसकी उम्र के हिसाब से काफी कम था।

■ मई माह में अरुण का वजन 10 .600 किग्रा हो गया



टीमवर्क बना इलाज की कुंजी। एनआरसी से डिस्चार्ज के बाद असली चुनौती शुरू हुई। पर्यवेक्षक उषा वर्मा के मार्गदर्शन में एक पूरी टीम अरुण के पीछे लग गई।

मुख्य भूमिका निभाने वाले योद्धा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुमीता सोरी रोज घर जाकर मॉनिटरिंग और परामर्श, सहायिका सोनिया माज्जी केंद्र में प्रेम से खाना खिलाना, मितानिन देवली वाचम घर-घर स्वास्थ्य शिक्षा, एएनएम शोभा किरण मिंज नियमित स्वास्थ्य जांच करना रहा।

टीम ने देखा कि अरुण घर पर अकेले खाना नहीं खाता था पर आंगनबाड़ी में दोस्तों के साथ बैठकर पूरा खाना खा लेता था। माता-पिता को समझाया गया कि बच्चे को रोज केंद्र लाएं। यहाँ देखा-देखी में अरुण ने खाना शुरू किया। कार्यकर्ता मुमीता सोरी ने हर हफ्ते वजन लिया, गृह भेंट कर स्वच्छता और थाली में 4 रंग - अनाज, दाल, सब्जी, फल - शामिल करने की ट्रेनिंग दी। केंद्र में रोज गर्म पका भोजन, रेडी-टू-ईट दिए गए। मितानिन ने दस्त-निमोनिया से बचाव सिखाया। सिर्फ 13 महीने की मेहनत रंग लाई। मई 2026 में अरुण का वजन 10.600 किग्रा हो गया है। अब वह उम्र के हिसाब से सामान्य श्रेणी में है। उसकी आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। माँ शर्मीला हेमला कहती हैं पहले बहुत डर लगता था। दीदी लोग रोज आती थीं, समझाती थीं। अब मेरा बेटा खुद मांगकर खाता है। आंगनबाड़ी वाले सब भगवान जैसे हैं। पर्यवेक्षक उषा वर्मा कहा कि अरुण की कहानी बताती है कि कुपोषण लाइलाज नहीं है। आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य और मितानिन - तीनों मिल जाएं तो हर बच्चा स्वस्थ हो सकता है। बस परिवार का साथ चाहिए। एक बच्चे को कुपोषण से निकालना मतलब एक परिवार का भविष्य बचाना है। सामुदायिक सहभागिता, नियमित निगरानी, सही पोषण, स्वस्थ बचपन यह उपलब्धि पोषण अभियान और छत्तीसगढ़ कुपोषण मुक्त अभियान के तहत जिले में चल रहे कुपोषण मुक्त बीजापुर के संकल्प को और मजबूती देती है।

## जिले में खोजे गए इतिहास के महत्वपूर्ण साक्ष्य

# 11वीं शताब्दी के शिलालेख से लेकर मिले ताड़पत्र पाण्डुलिपियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत जिले में भारतीय ज्ञान परम्परा और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां सामने आई हैं। इस मिशन का उद्देश्य देशभर में बिखरी प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों, हस्तलिखित पोथियों तथा शिलालेखों का सर्वेक्षण कर उन्हें संरक्षित एवं सुरक्षित करना है, ताकि भारत की समृद्ध बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत भावी पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंच सके।

■ अब तक 5 प्राचीन शिलालेख व 2 पाण्डुलिपियां हुई प्राप्त









कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में मिशन के क्रियान्वयन के लिए जिला नोडल अधिकारी एवं एसडीएम लोकांश एल्मा के नेतृत्व में जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स, विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों तथा संकुल स्तर पर शिक्षकों को सर्वेयर नियुक्त किया गया है। टीम द्वारा जिले के विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों में लगातार सर्वेक्षण और दस्तावेजीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान जिले में अब तक 5 प्राचीन शिलालेख तथा 2 महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियां प्राप्त हुई हैं। इनमें 29 अप्रैल को शिव मंदिर समलूर से 11वीं शताब्दी का एक दुर्लभ शिलालेख प्राप्त हुआ, जो तेलुगु लिपि में उत्कीर्ण है। इसके बाद 16 मई को समलूर स्थित मंदिर परिसर में पंडित की कोठरी से 18वीं से 20वीं शताब्दी के मध्य की एक प्राचीन पाण्डुलिपि प्राप्त हुई, जो देवनागरी लिपि में लिखी गई है। समलूर क्षेत्र से ही 11वीं शताब्दी का एक अन्य शिलालेख भी मिला है, जो देवनागरी लिपि में अंकित है। इसी क्रम में 21 मई को ऐतिहासिक मामा-भांजा मंदिर बारसूर से 1060 से 1068 ईस्वी कालखंड के समतुल्य एक महत्वपूर्ण शिलालेख प्राप्त हुआ, जो तेलुगु लिपि में उत्कीर्ण है। वहीं 25 मई को दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा से 13वीं शताब्दी के प्रारंभिक काल के दो प्राचीन शिलालेख प्राप्त हुए, जिनमें तेलुगु एवं देवनागरी दोनों लिपियों का प्रयोग देखने को मिला। इसके अतिरिक्त जिले के आंवराभाटा संकुल क्षेत्र में इन्द्रजीत यादव के निवास से एक दुर्लभ ताड़पत्र पाण्डुलिपि प्राप्त हुई है। प्रारंभिक अध्ययन के अनुसार यह पाण्डुलिपि लगभग 150 से 300 वर्ष पुरानी प्रतीत होती है तथा इसमें ओडिया लिपि का उपयोग किया गया है। विशेषज्ञों द्वारा इसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व का अध्ययन किया जा रहा है। ज्ञानभारतम मिशन के तहत मिली ये धरोहरें न केवल जिले के गौरवशाली इतिहास को उजागर करती हैं, बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि बस्तर क्षेत्र प्राचीन काल से ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इन सभी पुरावशेषों के संरक्षण, अभिलेखीकरण एवं अध्ययन की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## मावली माता मड़ई मेला में विधायक ने किया पानी टैंकर वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चितापुर-2 के बुड़गीभाटा में आयोजित पारंपरिक मावली माता मड़ई मेला में क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों की सुविधा एवं पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए पानी टैंकर का वितरण किया। मड़ई मेला में विधायक ने मावली माता के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि मड़ई मेला हमारी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। पानी टैंकर वितरण से ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी और गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या का समाधान होगा। मड़ई मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पारंपरिक लोक नृत्यों ने लोगों का मन मोह लिया। ग्रामीणों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मिटकु राम बघेल, शिव सुयवशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

## किरंदुल परियोजना में हुआ राजभाषा तकनीकी सेमिनार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

एनएमडीसी बैलाडीला लौह अयस्क खदान में 26 मई को एक दिवसीय किरंदुल परियोजना में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन लौह एवं इस्पात उद्योगों में स्वचालन, डिजिटलीकरण, रोबोटिक्स एवं एआई उपयोग एवं प्रभाव एवं उत्पादन लागत में कमी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग विषयों पर किया गया।

■ मुख्य अतिथि ने तकनीकी आलेखों के संकलन की पत्रिका तकनीकी क्षितिज का किया विमोचन

समारोह के मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक एवं विभागाध्यक्षों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने तकनीकी आलेखों के संकलन की पत्रिका तकनीकी क्षितिज का विमोचन किया। अपने संबोधन में उन्होंने तकनीकी सेमिनार के विषयों को सविस्तार एवं सटीक व्याख्या करते हुए आज के वर्तमान समय में इनकी उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताया। सेमिनार की प्रासंगिकता को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि तकनीकी आलेखों को हिंदी भाषा में प्रस्तुत करना काफी महत्वपूर्ण कार्य है। यह एक ओर जहां कार्यों में नवीनता लाने का सहज प्रयास है, वहीं दूसरी ओर भाषा की प्रयोगशीलता, विविधता एवं उसके उपयोग बढ़ोत्तरी में भी मददगार होता है। हमारी परियोजना द्वारा हर वर्ष तकनीकी सेमिनार का आयोजन सराहनीय पहल है। केएल नागवेणी, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन व सर्वकार्यभारी अधिकारी राजभाषा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सेमिनार की उपयोगिता पर बल दिया और विभिन्न गतिविधियों के बीच में राजभाषा तकनीकी सेमिनार के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, आरएन मिश्र, उप महाप्रबंधक राजभाषा एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद, सेल्वाकुमार, महाप्रबंधक (यां.) सेवाएं, एस.गुहा, उप महाप्रबंधक वित्त, सुनील कुमार उप महाप्रबंधक प्रशि.व सुरक्षा के साथ ही मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व आलेखदाता मौजूद थे।

विशिष्ट अतिथि केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन और आरएन मिश्र, उप महाप्रबंधक राजभाषा, एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद ने राजभाषा तकनीकी सेमिनार पर अपने सारगर्भित विचार रखे। दो सत्रों में आयोजित सेमिनार के प्रथम सत्र की अध्यक्षता आरएन मिश्र, उप महाप्रबंधक राजभाषा एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ.महेश कुमार वर्मा, सहा.महाप्रबंधक भू-विज्ञान ने की। सेमिनार में कुल 20 प्रतिभागियों के आलेख चयनित किए गए थे, जिसमें पन्ना, बचेली, किरंदुल, हैदराबाद, दोणिमलै शामिल है। इन प्रतिभागियों ने पावर प्वाइंट के जरिए बेहद विस्तारपूर्वक उपर्युक्त चयनित विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रतिभागियों को स्मृति चिहन एवं विभागाध्यक्षों को सम्मान चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन संजय पाटील सहायक महाप्रबंधक राजभाषा और धन्यवाद ज्ञापन शअजय कुमार ने किया। कार्यक्रम की सफलता में एपी पाण्डव, वरिष्ठ आशुलिपिक हिन्दी एवं शउमेश ठाकुर, कु.नीलिमा तथा मानव संसाधन विभाग के आधिकारियों का योगदान रहा।

## स्वच्छता अभियान के तहत दंतेवाड़ा में जन जागरूकता अभियान तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले में 20 मई से 15 जून तक संचालित विशेष स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक परिवार को शौचालय उपयोग एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के अंतर्गत विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम, स्वयंसेवकों तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव-गांव पहुंचकर स्वच्छता संबंधी संदेश दिया जा रहा है। टीम द्वारा घर-घर जाकर व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण, शौचालय उपयोग की आवश्यकता तथा खुले में शौच से होने वाली हानियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है। साथ ही घर-घर कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। आज दिनांक 27 मई को ग्राम पंचायत बड़े पनेडा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, समुदाय के लोगों तथा युवोदय टीम की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने मिलकर गांव में स्वच्छता गतिविधियां संचालित कीं तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत हितावर में भी ब्लॉक समन्वयक एवं स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को घर-घर जाकर जागरूक किया गया।

■ गांव-गांव पहुंचकर स्वच्छता संबंधी दिया जा रहा संदेश

## किसान खाद के लिए परेशान, सरकार मौन: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

प्रदेश में लगातार गहराते खाद संकट और किसानों को समय पर आवश्यक उर्वरक उपलब्ध नहीं होने की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार किसानों के हितों की बात करती है और कृषि को प्राथमिकता देने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश का किसान आज डीएपी और यूरिया खाद के लिए दर-दर भटकने और घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय खेती-किसानी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। खरीफ फसलों की बुवाई और कृषि कार्य तेजी से शुरू हो चुके हैं, लेकिन किसानों को समय पर बीज एवं खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण वे गंभीर चिंता में हैं। प्रदेश के विभिन्न सहकारी समितियों, सोसायटियों एवं खाद वितरण केंद्रों में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, लेकिन मांग के अनुरूप खाद की उपलब्धता नहीं हो पा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं दिया जा रहा है और दो एकड़ या उससे अधिक कृषि भूमि रखने वाले किसानों को भी केवल एक बोरी खाद देकर वापस भेजा जा रहा है। इससे किसानों को खेती के कार्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों के साथ अन्याय है। लखेश्वर बघेल ने कहा कि प्रदेश का किसान पहले से ही मौसम की अनिश्चितता, बढ़ती लागत और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में बीज और खाद की कमी किसानों की परेशानियों को और बढ़ा रही है। यदि किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया एवं अन्य आवश्यक उर्वरक उपलब्ध नहीं कराए गए तो इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा, जिससे आने वाले समय में किसानों की आय प्रभावित होगी और कृषि व्यवस्था कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को मजबूत करना है।


### सर्व संबंधित को सूचनार्थ

1. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़, भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पर्यावास भवन सेक्टर- 19, नवा रायपुर अटल नगर जिला- रायपुर (छ.ग.) का पत्र File No.: OL/EC/MIN/ KANKER / 3274, दिनांक 28.04.2026 के माध्यम से एस. आर. सरकार मेसर्स फुरफंदी आर्डिनरी स्टोन क्वारी), ग्राम- फुरफंदी, तहसील - पखांजूर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) खसरा क्रमांक 174, रकबा 1.00 हेक्टेयर में स्थित आर्डिनरी स्टोन (माईनर मिनरल्स) खदान, क्षमता - 83,316 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।
2. उपरोक्त पर्यावरणीय स्वीकृति प्रतियाँ सचिवालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इसका अवलोकन एस. ई. आई. ए.ए. छत्तीसगढ़ की वेबसाइट parivesh.nic.in पर भी किया जा सकता है।

**एस.आर. सरकार**
**परियोजना प्रस्तावक**


### मृतकों के परिजनों को 15 लाख की सहायता राशि स्वीकृत


**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 3 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए कुल 15 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## धुरगुड़ा में किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



धुरगुड़ा पंचायत में किसानों की मेहनत पर अचानक बदले मौसम ने पानी फेर दिया। गांव के किसानों द्वारा कई दिनों की कड़ी मेहनत से खेतों से निकालकर सुखाया जा रहा मक्का अचानक हुई बारिश और पानी गिरने से पूरी तरह भीग गया। इस घटना के बाद किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है, क्योंकि अब तैयार फसल खराब होने का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि मक्का की फसल को सुरक्षित भंडारण के लिए खुले स्थानों पर सुखाया जा रहा था। किसान दिन-रात मेहनत कर अनाज को पलट-पलटकर सुखाने में लगे थे, ताकि उसे बाजार में अच्छे दाम पर बेचा जा सके। लेकिन अचानक मौसम बदल गया और तेज बारिश के कारण पूरा मक्का भीग गया। कई किसानों के घरों और आंगनों में रखा अनाज भी पानी की चपेट में आ गया। किसानों का कहना है कि लगातार नमी बने रहने से मक्का में फफूंदी लगने और दाने सड़ने का खतरा बढ़ गया है। जिससे बाजार में उचित कीमत मिलना मुश्किल हो जाएगा। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बेसहारा शिशु को मिला नया परिवार, दुबई के सतवानी दंपति ने लिया कानूनन गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में मानवता और संवेदनशीलता की एक भावुक मिसाल सामने आई है। जिले की विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी में रह रहे 07 माह के एक बेसहारा शिशु को आखिरकार माता-पिता का प्यार मिल गया। दुबई में निवासरत अप्रवासी भारतीय दंपत्ति निखिल सतवानी और स्नेहा सतवानी ने बच्चे को विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए गोद लिया। दत्तक ग्रहण समारोह के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला, जहां दंपत्ति ने बच्चे को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर उसे नया परिवार और सुरक्षित भविष्य दिया।

जानकारी के अनुसार सतवानी दंपत्ति ने केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में 25 मार्च 2022 को पंजीयन कराया था। इसके बाद कांकेर स्थित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी के इस शिशु का रेफरल कर उसे दंपत्ति के लिए रिजर्व किया गया। दंपत्ति ने बच्चे से मुलाकात के दौरान ही उसे अपनाने का निर्णय लिया और दत्तक ग्रहण से जुड़ी सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया। इस दौरान दंपत्ति ने बच्चे की हर छोटी-बड़ी गतिविधि को बेहद आत्मीयता से महसूस किया।

बच्चे का मुस्कुराना, करवट बदलना और पलटना जैसी मासूम हरकतों को उन्होंने एजेंसी के कर्मचारियों से विस्तार से जाना। अंततः मंगलवार 26 मई को आयोजित दत्तक ग्रहण समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने दंपत्ति को विधिवत शिशु सौंपा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनुकूल पाण्डे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**अब तक एजेंसी के माध्यम से 60 बच्चों को कानूनी प्रक्रिया के तहत गोद दिया जा चुका है**




### 44 बच्चों का पंजीयन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल की जाती है। अब तक एजेंसी के माध्यम से 60 बच्चों को कानूनी प्रक्रिया के तहत गोद दिया जा चुका है, जिनमें 21 बच्चों को छत्तीसगढ़, 31 को अन्य राज्यों तथा 08 बच्चों को विदेशों में दत्तक ग्रहण कराया गया है। वर्तमान में 44 भावी दत्तक माता-पिता एजेंसी में पंजीकृत हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक जवानों को बांटा गया अम्ब्रेला हैट एवं गन्ने का रस



**भानुप्रतापपुर।** नौतपा की भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां आमजन तेज धूप से परेशान हैं, वहीं शहर की सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे पुलिस जवान पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। ऐसे कठिन समय में भानुप्रतापपुर के युवाओं ने संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए ट्रैफिक पुलिस जवानों की सहायता के लिए सराहनीय पहल की है। शहर के हेल्प एवरीवन ग्रुप द्वारा ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को तेज धूप और गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से अम्ब्रेला हैट वितरित किए गए। दोपहर की तपती धूप में ड्यूटी कर रहे जवानों को यह सहयोग मिलने पर उनके चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। युवाओं की टीम ने केवल अम्ब्रेला हैट वितरण तक ही अपनी पहल सीमित नहीं रखी, बल्कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 10 जून तक निःशुल्क एवं स्वेच्छानुसार ठंडा गन्ना रस उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है। इस पहल का उद्देश्य ड्यूटी के दौरान जवानों को गर्मी से राहत पहुंचाना और उन्हें स्वस्थ बनाए रखना है। स्थानीय लोगों ने भी युवाओं की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। हेल्प एवरीवन ग्रुप की इस मानवीय पहल ने यह संदेश दिया है कि समाज के हर वर्ग को कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़ा होना चाहिए।

### पत्थर से कुचलकर अपने ही साथी की कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार




**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र में हुए आपसी विवाद में एक युवक ने दूसरे पर पत्थर से सिर में हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 25 मई को लक्ष्मण आरकी, रामलाल कारटम व मल्ला पोयामी मेला देखने फुल्लोड गए हुए थे। मेले से वापस लौटते समय कोटमेटा आयतुपारा के पास उनकी मोटर सायकल अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे के बाद लक्ष्मण आरकी एवं रामलाल कारटम के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर रामलाल कारटम ने पास पड़े पत्थर से लक्ष्मण आरकी के सिर पर वार किया गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर जांगला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामलाल कारटम पिता स्व सहदेव कारटम 32 वर्ष निवासी मालेगुण्डा जैगुर थाना जांगला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके बाद आरोपी के ममोरण्डम कथन एवं निशानदेही के आधार पर घटना में प्रयुक्त पत्थर किया गया। जांगला पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एग्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## अपराध : शादी का झांसा देकर आरोपी ने किया यौन शोषण

# नाबालिग से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोपी 24 घंटे में जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा थाना क्षेत्र से महिला सुरक्षा और त्वरित न्याय की एक बड़ी खबर सामने आई है। पुलिस ने सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नाबालिग बालिका से दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने वाले आरोपी को शिकायत दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के परिजनों ने हिम्मत दिखाकर थाना चारामा में लिखित शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थिया ने 26 मई को पुलिस को आपबीती सुनाते हुए बताया कि आरोपी 22 वर्षीय आरोपी खिलेश्वर यादव पिता राजेश यादव पिछले कुछ समय से नाबालिग बालिका को अपनी हवस का शिकार बना रहा था। आरोपी ने पहले तो नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद जब पीड़िता ने विरोध करना चाहा, तो आरोपी उसे और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देने लगा। वह पीड़िता को इस बात के लिए ब्लैकमेल करता था कि अगर उसने यह बात किसी को बताई, तो अंजाम बुरा होगा। डर के मारे नाबालिग चुप रही, लेकिन जब प्रताड़ना बर्दाश्त से बाहर हो गई, तो परिजनों को घटना की जानकारी दी गई।



**इस टीम की रही सराहनीय भूमिका :** महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित एक्शन लेने की इस मुहिम में चारामा थाना प्रभारी व निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर के नेतृत्व में टीम ने बेहतरीन काम किया। इस पूरी सफल कार्रवाई और आरोपी को दबोचने में सहायक उपनिरीक्षक सागर निषाद, प्रधान आरक्षक टीकम दास सोने और महिला आरक्षक रामिन दर्रो ने महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका निभाई।

### पॉक्सो और बीएनएस की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

परिजनों की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए चारामा पुलिस ने बिना वक्त गंवाए आरोपी खिलेश्वर यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 112/2026 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने नए कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म), 64 (2) (ड), 87 के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की कड़ी धारा 4 और 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी।

### 24 घंटे में दबोचा गया आरोपी

मामले की गंभीरता और पीड़िता के नाबालिग होने के कारण पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी के छिपने के ठिकानों पर दबिश दी। नतीजा यह रहा कि वारदात के मुख्य आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर ग्राम आंवरी से धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया और उसे कड़े सुरक्षा घेरे में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## मिशन रिकनेक्ट के तहत बरामद 218 मोबाइल मालिकों को लौटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आम जनता की डिजिटल सुरक्षा और गुम व चोरी हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन रिकनेक्ट के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जिलेभर से गुम हुए कुल 218 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपएं आंकी गई है।

बुधवार 27 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल धारकों को उनके खोए हुए फोन विधिवत सुपुर्द किए गए, जिससे कई चेहरों पर खुशी लौट आई। यह पूरी सफलता कांकेर पुलिस की सायबर सेल और विभिन्न थानों-चौकियों के संयुक्त एवं प्रभावी तकनीकी अनुसंधान के बदौलत मिली है। पुलिस टीम ने भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल का बेहतरीन उपयोग किया। यह एक केंद्रीय नागरिक पोर्टल है, जिसके माध्यम से खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को सभी टेलीकॉम नेटवर्कों में ब्लॉक कर दिया जाता है ताकि उसका दुरुपयोग न हो सके। यदि कोई व्यक्ति ब्लॉक किए गए मोबाइल में नया सिम डालकर उपयोग करने का प्रयास करता है, तो पुलिस को उसकी लोकेशन और ट्रैकिंग की जानकारी मिल जाती है। मोबाइल बरामद होने के बाद उसे दोबारा अनब्लॉक कर वास्तविक मालिक को सौंप दिया जाता है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जनवरी से 26 मई 2026 के बीच प्राप्त हुई शिकायतों पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए यह कार्रवाई की गई। कुल बरामद 218 मोबाइलों में से 116 मोबाइल पहले ही थाना स्तर पर वितरित किए जा चुके थे, जबकि शेष 102 मोबाइल आज पुलिस अधीक्षक द्वारा सीधे उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाए गए।

## दिल्ली से लौटे जनजातीय प्रतिनिधियों का धनेलीकन्हार में किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर नई दिल्ली के लाल किला मैदान में आयोजित विशाल जनजातीय सांस्कृतिक समागम ऐतिहासिक रहा। इस भव्य कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 100 जनजातीय व सर्व समाज के भाई-बहनों ने सहभागिता की। दिल्ली से सकुशल और उत्साहित होकर लौटे इन प्रतिनिधियों का भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार द्वारा तिलक-वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया।

जनपद सदस्य व जिला सहसंयोजक पंचुराम नायक के नेतृत्व में शामिल हुए इन प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की। प्रतिनिधियों ने बताया कि रेल यात्रा, भोजन, आवास और कार्यक्रम स्थल तक आवागमन की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुव्यवस्थित थीं। केंद्र सरकार के इस विशेष ध्यान और आतिथ्य से सभी प्रतिभागी अत्यंत प्रसन्न नजर आए। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष ईश्वर कावड़े ने बताया कि इस विशाल समागम में देशभर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और जल-जंगल-जमीन की रक्षा पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि प्रलोभन या दबाव में धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति की मूल सुविधाओं से अलग किया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक जनजातीय समाज के अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रह सकें। दिल्ली से लौटे प्रतिनिधियों के सम्मान में शाम 6 बजे रंगमंच भवन धनेलीकन्हार में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर सभी का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, अजजा मोर्चा जिला महामंत्री भानु नेताम, मंडल महामंत्री अशोक कचलाम, सितंबर कावड़े, राजू नेताम, युवा मोर्चा जिला मंत्री दीपांशु जैन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित टावरी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष चुमेश पटेल, अजजा मोर्चा मंडल महामंत्री मिथलेश कावडे, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री प्रिंस पाण्डेय, बीरबल धाकड़, रमेश साहू, नम्मू खरे, व्यास साहू, वैद औरसा, मनसा साहु, भुजबल ताराम, बालसिंह बारला, मेतू बारला, फ़ग्नू यादव, रामरतन साहू, और मंडल मीडिया प्रभारी संत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## महेंद्रपुर प्राथमिक स्कूल के समर कैंप में बच्चे सीख रहे कलाकारी

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम महेंद्रपुर के शासकीय प्राथमिक शाला में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों को प्रतिदिन नई-नई गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जा रहा है।

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो, इसके लिए समर कैंप में पढ़ाई के साथ-साथ कला, क्राफ्ट, चित्रकला, नृत्य, गीत-संगीत और खेलकूद जैसी गतिविधियां कराई जा रही हैं। बच्चों को कहानी सुनाना, कविता पाठ, योग और सामान्य ज्ञान से जुड़ी जानकारियां भी दी जा रही हैं। कैंप का संचालन स्कूल के शिक्षक देवाराम कोठारे द्वारा किया जा रहा है। शिक्षकों ने बताया कि भीषण गर्मी में भी बच्चे उत्साह के साथ सुबह स्कूल पहुंच रहे हैं। गतिविधियों के जरिए बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना विकसित हो रही है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने स्कूल की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि छुट्टियों में बच्चे टीवी-मोबाइल में समय बर्बाद करने की बजाय कुछ नया सीख रहे हैं। समर कैंप से बच्चों का छुट्टियों का समय रचनात्मक कार्यों में उपयोग हो रहा है। प्रधानपाठक सुमित्रा कोठारे ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक और जीवन कौशल सिखाना है ताकि उनकी छुट्टियां यादगार और उपयोगी बन सकें।



## पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**कांकेर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पं जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर राजीव भवन कांकेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य नितिन पोटाई ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। आजादी के बाद देश की विषम परिस्थितियों में उन्होंने भारत की बागडोर संभाली और देश के विकास के लिए बड़े-बड़े संस्थानों, उद्योगों एवं बांधों की स्थापना कर आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। पंडित नेहरू महान स्वतंत्रता सेनानी थे और देश की आजादी के लिए कई बार जेल गए। लगभग नौ वर्षों तक जेल में रहने के दौरान उन्होंने विश्व इतिहास की झलक जैसी प्रसिद्ध पुस्तक लिखी। वहीं जेल से अपनी पुत्री इंदिरा गांधी को लिखे गए पत्र बाद में पिता के पत्र पुत्री के नाम के रूप में प्रसिद्ध हुए। पं नेहरू की दो बातें आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं — आराम हराम है और अनुशासन ही देश को महान बनाता है।

## खाद-बीज आपूर्ति के लिए सीएम के नाम पर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



भानुप्रतापपुर। भारतीय किसान संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों को खाद एवं बीज की पर्याप्त और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में किसानों के सामने खाद की उपलब्धता बड़ी चुनौती बनती जा रही है, जिससे कृषि कार्य और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौपते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में खाद की कालाबाजारी लगातार बढ़ रही है और किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। संगठन ने सरकार से मांग की है कि सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए तथा किसानों को एक बोरी डीएपी के साथ दो बोरी यूरिया देने की व्यवस्था लागू की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि सभी निजी खाद विक्रेताओं पर सख्त निगरानी रखी जाए और अधिक कीमत पर खाद बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। इसके अलावा पंजीकृत किसानों को समितियों के माध्यम से खाद वितरण, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की कीमत कम करने, कृषि कार्य हेतु डीजल व ट्रैक्टर उपकरणों में सहायता देने तथा गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई।

## मजबूत बूथ, सशक्त केंद्र और प्रभावी मंडल बनाने पर की चर्चा

# भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण व जनकल्याण योजनाओं के प्रचार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर अंतर्गत शक्ति केंद्र हटकर्रा में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन के निर्देशानुसार तथा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा भारत माता की जय एवं भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ की गई।



बैठक में मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों की रूपरेखा तय करना बैठक का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत का आधार त्रिशक्ति है, जिसमें मजबूत बूथ, सशक्त शक्ति केंद्र और प्रभावी मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने शक्ति केंद्र को बूथ और मंडल के बीच की अहम कड़ी बताते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं किसान हितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर पन्ना समिति गठन कर मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करने का आह्वान किया गया। मंडल अध्यक्ष ने विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार एवं अफवाहों का तथ्यों के साथ जवाब देने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इसके अलावा आगामी जनसंपर्क अभियान, सेवा कार्य, रक्तदान शिविर एवं स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया गया। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने एवं अंत्योदय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में पूर्व जनपद सदस्य पंचमी नायक, पूर्व मंडल महामंत्री मोहन नायक, मंडल उपाध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य झाड़ू राम मंडावी, शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश नायक, सहसंयोजक अरुण ताम्रकार, ग्राम पंचायत बासकुंड के सरपंच एवं बूथ अध्यक्ष शगनू राम उईके, रमेश दुग्गा, जीतू मंडावी, गोवर्धन पटेल, नूतन धनकर, किशोर धनकर, दशरथ धनकर, फूल सिंह कुमेटी, दुर्जन सिंह नूरेटी, जयराम हुपेडी सहित शक्ति केंद्र अंतर्गत सभी बूथों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 03 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2026
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411